सिर्फ 30 मिनट में मेट्रो से पहुंच सकेंगे एयरपोर्ट

मेट्रो का 37 कि.मी. तक का भूमिगत मार्ग तैयार

दक्षिण मुंबईवासियों को मिलेगा फायदा

■ वसं, मुंबईः दक्षिण मुंबई में रहने वाले लोग जल्द ही घंटों की बजाए मिनटों में एयरपोर्ट तक पहुंच सकेंगे। कुछ ही महीनों में लोगों को एयरपोर्ट के रास्ते पर लगने वाले लंबे ट्रैफिक जाम से निजात मिलने वाली है। दक्षिण मुंबई से हर रोज मुंबईकर एयरपोर्ट आते-जाते हैं। इस दौरान रास्ते में लगने वाले जाम की वजह से एयरपोर्ट तक पहुंचने में लोगों को डेढ़ से दो घंटे का समय लग जाता है। मेट्रो-3 परियोजना का काम पूरा होने के बाद यह सफर केवल 30 मिनट में पूरा होगा।

मेट्रो-3 परियोजना की भूमिगत सुरंग छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनैशनल एयरपोर्ट तक पहुंच गई है। परियोजना के पैकेज-6 के तहत गोदावरी-2 टनल बोरिंग मशीन (TBM) ने विद्यानगरी से मुंबई एयरपोर्ट तक की सुरंग तैयार कर ली गई है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MMRCL) ने इस रूट की डाउन दिशा का 2.8 कि.मी. मार्ग 2,048 रिंग्स की सहायता से पूरा किया है। 180 दिनों की मेहनत के बाद MMRCL को मार्ग तैयार करने में शनिवार को सफलता मिली। मई में गोदावरी-2 को विद्यानगरी के शाफ्ट में उतारा गया था। 2 नवंबर को 2.8 कि.मी. टनल का काम पूरा करके एयरपोर्ट के पास स्थित शाफ्ट से TBM बाहर आई।

37 कि.मी. रूट तैयार

परियोजना के तहत कॉर्पोरेशन मुंबई में जमीन से 20 से 25 मीटर नीचे अब तक 37 कि.मी. रूट तैयार कर चुकी है। मेट्रो-3 के लिए कुल 55 किमी लंबा भूमिगत मार्ग तैयार करने का काम तेजी से किया जा रहा है। पूरे मार्ग में कुल 32 सुरंग तैयार होनी हैं, इसमें से 22 सुरंग की खुदाई का काम पूरा कर लिया गया है।

65 दिनों में 4 सुरंग का काम पूरा

TBM की सहायता से 65 दिनों में 4 सुरंग की खुदाई का काम पूरा कर लिया गया है। 27 स्टेशनों वाले मेट्रो-3 परियोजना में 26 स्टेशन भूमिगत होंगे, जबकि सिर्फ 1 स्टेशन ही जमीन पर होगा। वर्ष 2021 तक सरकार ने परियोजना का काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।